**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 25.08.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. यू पी आई के दस साल पूरे, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा– भारत की डिजिटल क्रांति पर हर भारतीय को होना चाहिए गर्व।
2. गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा एजेंसियों को घुसपैठ रोकने के लिए कड़े कदम उठाने के दिए निर्देश, राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए ए आई के इस्तेमाल पर बल दिया।
3. सी सी आई ने अंडमान लॉ कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता हितों के संरक्षण के महत्व को बताया।
4. शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए अंडमान कॉलेज में अतिथि संकाय की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू, 27 अगस्त को दोपहर साढ़े तीन बजे होगा साक्षात्कार।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यू पी आई के दस साल पूरे होने पर कहा है कि हर भारतीय को देश की इस डिजिटल क्रांति पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यू पी आई की शुरुआत भारत के डिजिटल भुगतान के सफर में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यू पी आई की शुरुआत 2016 में आज ही के दिन हुई थी। इन दस वर्षों में यू पी आई देश में डिजिटल भुगतान का प्रमुख माध्यम बन गया है और अब 11 देशों में भी इसका इस्तेमाल हो रहा है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, 2016–17 में यू पी आई के जरिए करीब एक करोड़ 78 लाख लेन–देन हुए थे, जो 2025–26 में बढ़कर 24 हजार 162 करोड़ से अधिक हो गए। इसी दौरान लेन–देन की राशि सात हजार करोड़ रुपये से बढ़कर करीब 314 लाख करोड़ रुपये हो गई।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को घुसपैठ रोकने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। नई दिल्ली में नौवें राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन–2026 का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए उपलब्ध सूचनाओं का कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिए बेहतर विश्लेषण किया जाए। श्री शाह ने आतंकवाद और कट्टरपंथ से प्रभावी ढंग से निपटने, भगोड़ों को वापस लाने और लंबित मामलों में तेजी लाने पर भी जोर दिया। उन्होंने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून के मामलों की जांच में व्यापक और समन्वित दृष्टिकोण अपनाने को कहा। सम्मेलन के पहले दिन आतंकवाद, खुफिया सूचनाओं के आदान–प्रदान, मादक पदार्थों पर नियंत्रण, अवैध प्रवासियों की पहचान और निर्वासन तथा साइबर अपराध से निपटने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

<><><><><><><>

सरकार ने गेहूं के आटे और संबंधित उत्पादों पर लगे निर्यात प्रतिबंध हटा दिए हैं, जिससे आटा, मैदा, सूजी और अन्य गेहूं आधारित उत्पादों के विदेशी निर्यात का रास्ता खुल गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सरकार ने गेहूं के आटे और संबंधित उत्पादों के लिए निर्यात नीति में तत्काल प्रभाव से संशोधन किया है। महानिदेशालय द्वारा जारी अधिसूचना में, सरकार ने कुछ विशेष श्रेणियों के गेहूं और ड्यूरम गेहूं के निर्यात को प्रतिबंधित से मुक्त घोषित कर दिया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अगस्त को सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ सैंतीसवां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

<><><><><><><>

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के सलाहकार वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा हैकि आयोग का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना और बाजार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। अंडमान लॉ कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम मे श्री मिश्रा ने कहा कि उपभोक्ता शिकायतें सी सी आई के सीधे दायरे में नहीं आती हैं। उन्होंने व्यापारिक संस्थानों से निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी तरीके से काम करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सी सी आई अपनी गतिविधियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है। श्री मिश्रा ने अंडमान लॉ कॉलेज के छात्रों को भविष्य में आयोग की ओर से दिए जाने वाले एक महीने के सवेतन प्रशिक्षण कार्यक्रम में अवसर देने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्रों के सवालों के जवाब दिए। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी. वी. एन सरमा ने श्री मिश्रा को शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

<><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम से 'पेट टॉक बियॉन्ड द बॉन्ड' कार्यक्रम का लाइव फोन–इन प्रसारण कल शाम साढ़े पांच बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय 'कैनाइन डिस्टेंपर — बचाव, देखभाल और उपचार' होगा। पशु चिकित्सा अस्पताल, मंगलूटन के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. लावहले निनाद साहेबराव कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में मौजूद रहेंगे और दर्शकों के सवालों के जवाब देंगे। दर्शक इस लाइव कार्यक्रम में फोन नंबर 244–745 या 245–662 पर कॉल करके शामिल हो सकते हैं।

<><><><><><>

समाज कल्याण विभाग ने केंद्र शासित प्रदेश में दिव्यांगजनों से जुड़े विभिन्न मामलों के लिए दिव्यांगजन आयुक्त के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन सम्बन्धित दिशा–निर्देश, रिक्त पद और आवेदन पत्र का प्रारूप सहित सभी जानकारी समाज कल्याण निदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र, निदेशक समाज कल्याण विभाग के कार्यालय के पते पर जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में स्नातक कला और विज्ञान पाठ्यक्रमों के जिन छात्रों के परीक्षा परिणाम जारी हो चुके हैं, उनके लिए पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जो छात्र अपने परीक्षा परिणाम का पुनर्मूल्यांकन कराना चाहते हैं, वे प्रवेश और परीक्षा विभाग से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 अगस्त है।

<><><><><><>

अंडमान कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए अतिथि संकाय और विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। यह नियुक्ति लोक प्रशासन और 'भारत को समझना' जैसे विषयों के लिए जरूरत के आधार पर की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवारों को प्रति व्याख्यान मानदेय दिया जाएगा। नियुक्ति पूरी तरह अस्थायी होगी और शिक्षण कार्य की आवश्यकता के अनुसार की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी 27 अगस्त को दोपहर साढ़े तीन बजे अंडमान कॉलेज कार्यालय में होने वाले साक्षात्कार के समय अपने प्रमाणपत्र अवश्य साथ लाएं। आधिक जानकारी वेबसाइट पर उलब्ध है।

<><><><><><>

नवंबर 2024 और मई 2025 सत्र में उत्तीर्ण सभी छात्र–छात्राओं को सूचित किया गया है कि डिग्री प्रमाणपत्र तैयार करने के लिए अपना पासपोर्ट आकार का फोटो जे एन आर एम एडमिशन एग्जाम एट द रेट जीमेल डॉट कॉम पर भेजें। फोटो केवल जे पी जी प्रारूप में हो और उसका आकार एक एम बी से कम होना चाहिए। फोटो भेजते समय फाइल के नाम की जगह छात्र को अपना पंजीकरण नंबर लिखना होगा।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में ओणम का त्योहार कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर केरला समाजम में कल शाम मलयाली समुदाय के लोग मिलकर ओणम मनाएंगे। कार्यक्रम में दक्षिण अंडमान जिले की पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन मुख्य अतिथि होंगी, जबकि श्रीशन, भारतीय वन सेवा के अधिकारी, सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर 29 अगस्त को दोपहर केरला समाजम में पारंपरिक 'साध्य' का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजकों ने इसमें सभी लोगों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

<><><><><><><>

संजीव कुमार दास ने अंडमान और निकोबार दूरसंचार परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री दास को दूरसंचार क्षेत्र में काम करने का व्यापक अनुभव है। इससे पहले वे बी एस एन एल के ओडिशा परिमंडल में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं।

<><><><><><><>